जल एवं स्वच्छता बैठक में जल जीवन मिशन की प्रगति व नलजल योजनाओं की समीक्षा

## ठेकेदार समय पर काम पूरा न करें तो अनुबंध की शर्तों के मुताबिक कार्रवाई करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

बारिश के मौसम में पेयजल स्त्रोतों की शुद्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी, बिजली कंपनी एवं जल निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



विदिशा। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### लापरवाह ठेकेदारों पर होगी सख्त कार्रवाई

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जल जीवन मिशन के तहत लंबित कार्यों की समीक्षा करते हुए ठेकेदारों को समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। विलंब करने वाले ठेकेदारों की बैठक बुलाकर स्पष्ट चेतावनी देने और आवश्यकता पड़ने पर अनुबंध के अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने स्पष्ट निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु के दौरान किसी भी स्थिति में पेयजल स्त्रोत दूषित न होने पाए। उन्होंने सभी पेयजल स्त्रोतों के समयबद्ध क्लोरिनेशन की प्रक्रिया को प्राथमिकता से पूर्ण कराने को कहा।

साथ ही स्त्रोतों के आसपास सफाई बनाए रखने के लिए ग्राम पंचायतों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने जनजागरूकता पर ज़ोर देते हुए कहा कि वर्षा काल में स्वच्छ पेयजल के उपयोग से संबंधित जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे आम नागरिक जागरूक रहें और जलजनित बीमारियों से बचाव हो सके।

### नलजल योजनाओं के हस्तांतरण पर सख्ती

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नलजल योजनाएं ग्राम पंचायत को तभी सौंपी जाएं जब संबंधित जनपद के सीईओ उनके निरीक्षण में पूरी तरह संतुष्ट हों। साथ ही उन्होंने फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से पेयजल स्त्रोतों की नियमित जांच कराते रहने की बात दोहराई।

### बिजली से बाधित योजनाएं चालू हों

बैठक में विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि किसी भी नलजल योजना को विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण बंद न होने दिया जाए। जिन योजनाओं में स्त्रोतों के अभाव में कार्य ठप हुआ है, उनमें वैकल्पिक जल स्त्रोत तलाश कर योजनाएं पुनः चालू कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि ग्राम पंचायतें और स्व-सहायता समूह मिलकर जलकर की वसूली की प्रक्रिया सुनिश्चित करें, जिससे योजनाओं के संचालन में निरंतरता बनी रहे।

## घर में तोड़फोड़, जेवर-नकदी चोरी व मारपीट का आरोप

**विदिशा।** ग्राम सुनपुरा निवासी रानी शिल्पकार ने अपने ही पारिवारिक सदस्यों पर घर में जबरन घुसकर तोड़फोड़, चोरी और मारपीट का गंभीर आरोप लगाते हुए शनिवार को एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे से न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता रानी शिल्पकार ने लिखित शिकायत में बताया कि बीते गुरुवार को उनकी ननद के बेटों कमलेश और दीनू ने अन्य परिजनों के साथ मिलकर उनके घर का छप्पर तोड़ते हुए अंदर घुसपैठ की और वहां से जेवर व नकदी चुराकर फरार हो गए। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई, लेकिन जब पुलिस मौके पर पहुंची। उसी दौरान आरोपियों ने रानी के साथ दोबारा मारपीट कर दी। मारपीट में घायल रानी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रानी का आरोप है कि घटना के दो दिन बाद भी पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, जिससे परेशान होकर उन्होंने शनिवार को एएसपी से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।


## अंडर ब्रिज पर रेलवे ने रोका दीवार निर्माण

**विदिशा।** रेलवे द्वारा सोठिया अंडरपास से मेडिकल कॉलेज तथा कलेक्ट्रेट की ओर जाने वाले मार्ग पर बनाई जा रही दीवार के निर्माण कार्य को रोक दिया गया है। यह दीवार रेलवे ट्रैक और सड़क के मध्य बनाई जा रही थी, जिससे मार्ग अत्यधिक संकरा हो गया था। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों की ओर से इस निर्माण पर आपत्तियां दर्ज कराई गई थीं। जनहित में उठी इन आपत्तियों को संज्ञान में लेते हुए रेलवे प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य रोक दिया था। अब रेलवे ने निर्णय लिया है कि उक्त स्थान पर दीवार का निर्माण नहीं किया जाएगा। शुक्रवार को रेलवे कर्मचारियों ने निर्माण स्थल से दीवार निर्माण की सामग्री भी हटा दी, जिससे आमजन को राहत मिली है। यह मार्ग मेडिकल कॉलेज, कलेक्ट्रेट और अन्य प्रमुख संस्थानों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है।







## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव- 3160
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2360
उच्चतम भाव- 2610
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2360
उच्चतम भाव-2386
चना
न्यूनतम भाव-4300
उच्चतम भाव-5592
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3280
उच्चतम भाव-3490
धान
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-4000
मसूर
न्यूनतम भाव-4700
उच्चतम भाव-6720
सरसों
न्यूनतम भाव-5100
उच्चतम भाव-7350
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-5210
मूंग
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-7400
धनिया
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-6560
उड़द
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-5360
बटरी
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-2920
तुअर
न्यूनतम भाव-5210
उच्चतम भाव-5451

### कृषि मण्डी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में शनिवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 5229 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### यातायात पुलिस ने बनाए चालान



**गंजबासौदा।** यातायात पुलिस द्वारा नगर में लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। यातायात पुलिस प्रभारी निरपत सिंह के नेतृत्व में टीम ने शुक्रवार को जय स्तंभ चौक पर वाहनों की जांच की गई। इस दौरान दो पहिया वाहनों के रजिस्ट्रेशन, तीन सवारियां बैठाने, नंबर प्लेट न लगी होने, लायसेंस न होने आदि की जांच की गई। जिसमें कमी पाए जाने पर 11 वाहन चालकों के 3700 रुपए के चालान बनाए गए और राशि वसूल की गई। यातायात प्रभारी निरपत सिंह ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहन पूरे दस्तावेजों के साथ और नियमानुसार चलाएं। सुरक्षा के लिए हैलमेट पहनें, क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएं, लायसेंस होने पर ही वाहन चलाने की हिदायत दी।

# विधिक साक्षरता शिविर में दी योग दिवस की जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में ग्राम पंचायत पुरवाई में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में किया गया। इस शिविर का आयोजन अब्दुल अजहर अंसारी प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड की उपस्थिति में किया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणजन को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के संदर्भ में जानकारी देकर, संविधान के मूलभूत अधिकार, मानव तस्करी और बलपूर्वक श्रम कराने पर प्रतिबंध, बालश्रम, बंधुआ मजदूरी, शिक्षा का अधिकार,पीड़ित प्रतिकर योजना, दैनिक जीवन में उपयोगी विधियां, निःशुल्क विधिक सहायता, शासन की कल्याणकारी योजनाएं, नालसा गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिये, विधिक सेवाएं योजना 2015, नालसा , एसिड हमले के पीड़ितों के लिये विधिक सहायता योजना 2016 सहित अन्य बिंदुओ प महत्वपूर्ण और आवश्यक जानकारी दी गई। शिविर में एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा, एडवोकेट शेर सिंह यादव, एडवोकेट राजेश सक्सेना, सुनील बाबू पिंगले, देवेंद्र साहू, विमलेश, ग्राम सरपंच झुन्नीलाल, सचिव, रूपेश यादव, उमा यादव, सुनीता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संजीव अरोरा एडवोकेट द्वारा किया गया।

## 165 जनप्रतिनिधि और 358 माता-पिता भी हुए योग में शामिल

# विकास खंड में सैकड़ों विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों ने किया योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा









शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर में अनेक शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं में योग किया गया। इस मौके पर सुबह के समय मानस भवन में पतंजलि योगपीठ के तत्वावधान में योग महोत्सव अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव सहित अनेक योग साधक मौजूद थे। वहीं विकास खंड का मुख्य कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय में योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी द्वारा योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर राजेश तिवारी, सविता पटेल अतिरिक्त तहसीलदार, तपस्या जैन जनपद सीईओ, सिटी थाना प्रभारी योगेन्द्र परमार, परता अहिरवार बीईओ, वृजेन्द्र सिंह रघुवंशी बीआरसी, चन्द्र कुमार तारण, विकास खण्ड योग अध्यक्ष योगेश त्रिपाठी, एमसी शर्मा प्राचार्य उत्कृष्ट, महेन्द्र सिंह, अनिल दुबे, नूरजहा सहित अनेक जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक व विद्यार्थी उपस्थित हुए। विकास खंड मे 165 जनप्रतिनिधि 358 माता पिता, 402 शिक्षकों, 1733 विद्यार्थियों ने हाईस्कूल हायर सेकेडरी स्तर पर विकास खंड मे योगाभ्यास किया।

वहीं सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल के प्रांगण में सामुहिक अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि योगाचार्य महेन्द्र सिंह रघुवंशी ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के सतत् प्रयासों से भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर योग विश्व पटल पर सम्पूर्ण जगत को आलोकित कर रहा है। आज सर्वाधिक चर्चा जीवनशैली में बदलाव की हो रही है। जो आसान नहीं है लेकिन योग को अपनाते ही जीवनशैली बदलना शुरु हो जाती है। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर केएस यादव ने कहा कि निर्विवाद रूप से योग स्वस्थ जीवन का राज है। योग को दिवस में सीमित न कर जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना जरुरी है। योगाचार्य महेन्द्र सिंह रघुवंशी ने अष्टांग योग के आठ आयामों का व्यवहारिक उदाहरणों से समझाया। संस्था के राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर योग का प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं ने सूर्य नमस्कार, योग, आसन, प्राणायाम, यम और नियम का अभ्यास कराया। संस्था के शताधिक छात्र-छात्राओं ने नियमित योगाभ्यास के लिए पंजीयन कराया। संस्था के प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने योग पर बात रखते हुए अतिथियों का आभार माना। संस्था के एनएसएस प्रभारी कृष्णपाल सिंह चौहान ने आसान व्यायाम का संस्था के शिक्षक परिवार और छात्र-छात्राओं को अभ्यास कराया। विश्व योग दिवस के कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य रजनी गुप्ता सहित शिक्षक परिवार ने योगाभ्यास करते हुए उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं उपजेल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया । इस अवसर पर जेल स्टॉफ एवं कैदियों द्वारा योग के आसन किए गए। वहीं 11वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना नवांकुर इकाई के तत्वावधान में विद्यालय प्रांगण में योग संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के माध्यमिक विभाग, हाई स्कूल विभाग और उच्चतर माध्यमिक विभाग के 486 छात्र छात्राओं तथा 51 शिक्षकगणों ने बड़े हर्ष एवं उत्साह पूर्वक योग संगम कार्यक्रम में भाग लेकर योगाभ्यास किया। इस दौरान विद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी विजय शर्मा के निर्देशन में विद्यार्थियों व शिक्षकों ने पहले एक्सरसाइज और वार्म अप अभ्यास किया, तत्पश्चात पश्चिम उत्तानासन, ताड़ासन, मंडूकासन, वज्रासन शशकासन और पद्मासन लगाया। सूर्य नमस्कार किया तथा ध्यान लगाने का अभ्यास भी किया। इस अवसर पर कक्षा 10 की छात्राएं झलक शर्मा, दीक्षा प्रजापति, सौम्या पाल और मिली लोधी ने मंच पर उपस्थित रहकर योग क्रियाऐं प्रदर्शित की। योग संगम कार्यक्रम संपन्न कराने में विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित के मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान रासेयो प्रभारी अभिषेक मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षक पहलवान सिंह राजपूत, केशव लाहौरी, संदीप रावत, अविनाश डोंगरे, शंभू सिंह रघुवंशी आदि भी उपस्थित थे।

वहीं शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में क्रीड़ा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा सामूहिक योग संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के सान्निध्य में क्रीड़ाधिकारी अभिषेक सिंह के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के प्रांगण में सामूहिक योग किया गया। योग अभ्यास से पूर्व महाविद्यालय की कंप्यूटर लैब में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया गया। इस उद्बोधन को विद्यार्थियों सहित समस्त स्टाफ द्वारा सुना गया। इसके बाद क्रीड़ाधिकारी द्वारा आयुष मंत्रालय द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत विद्यार्थियों और स्टाफ को सामूहिक अभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर डॉ. वीके प्रजाति, डॉ. सरिता घेंघट, डॉ. कंचन वैद्य सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इस दौरान एन एस एस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं योगा थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के तहत लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में योग दिवस मनाया गया। जिसमें छात्र छात्राओं को योग के महत्व के बारे में योग के के बारे में छात्रों छात्राओं को बताया गया। खड़े होकर करने वाले आसान, लेटकर करने वाले आसान और बैठकर करने वाले आसन कराए गए। डॉक्टर पीयूष दुबे ने छात्र छात्राओं से रोज योग करने के लिए कहा, एन एस एस अधिकारी डॉक्टर मनोज सक्सेना और प्रोफेसर नम्रता अरोरा ने योग के महत्व के बारे में छात्र छात्राओं को बताया। एन सी सी अधिकारी डॉक्टर निधि दुबे ने बताया की रोज योग करने से हम रोगों से दूर रहेंगे , प्रो कुलेंद्र श्रीवास्तव ने योगा को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त प्राचार्य डॉक्टर इंद्रा दुबे ने किया। इस मौके पर एवन विश्वकर्मा, जयदीप रघुवंशी, रंजीत सेन, नारायनी विश्वकर्मा मौजूद थीं। मंच संचालन खेल अधिकारी मनीष अहिरवार ने किया। इसके अलावा अन्य शासकीय, अशासकीय संस्थानों में योग का आयोजन हुआ। इसके अलावा अन्य संस्थाओं एवं संगठनों ने भी योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास किया।

# कपिल तिवारी का निधन, सह प्रचार प्रमुख को पितृशोक



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर के मिलनसार शिक्षक एवं पूर्व बीआरसी कपिल तिवारी का गुरूवार की रात हृदयघात से दुःखद निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही पूरे शहर में शोक की लहर छा गई। वे अपने सरल स्वभाव और हंसमुख मिजाज को लेकर जाने जाते थे। शुक्रवार को गमहीन माहौल में पारासरी विश्राम घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें बडी संख्या में नागरिकों ने शामिल होकर उन्हें अंतिम विदाई दी। यहां उल्लेखनीय है कि कपिल तिवारी ने बीआरसी पद पर रहते हुए शासकीय स्कूलों में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को दुरूस्त कर शिक्षा के स्तर को बढ़ाया था और वर्तमान में ग्राम नंदूपुरा के शासकीय स्कूल में अपनी शिक्षक के तौर पर सेवाएं दे रहे थे। उनके निधन पर नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, समाजसेवी एवं शिक्षक संस्थाओं ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उधर वरिष्ठ पत्रकार, मध्य भारत प्रान्त के सह प्रचार प्रमुख एवं सुभाष निकेतन स्कूल के संचालक अखिलेश श्रीवास्तव के पिता कमल किशोर श्रीवास्तव सेवानिवृत नायब तहसीलदार का स्वर्गवास हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार को सुबह के समय निज निवास बरेठ रोड से पाराशरी विश्राम घाट के लिए निकाली गई। जिसमें शामिल नागरिकों ने दो मिनिट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजली अर्पित करते हुए दुःखी परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

# पूर्व सैनिकों के लिए कैंप संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को हितकारिणी धर्मशाला के पास आंख जांच केंद्र सेंटर पर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हरिप्रसाद एवं नीतू श्रीवास्तव ने नेत्र रोगियों के लिए द्वितीय फालोअप शिविर आयोजित किया। जिसमें मरीजों की जांच कर निशुल्क दवाइयां एवं निशुल्क चश्में दिए गए। वही पूर्व सैनिकों के लिए निशुल्क कैंप आयोजित किया गया, जिसमें कई पूर्व सैनिकों ने परिवार सहित सेंटर पर आकर ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच करवाई तथा डॉक्टर ने नेत्रों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाइयां दी और आंखों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर नेत्र शिविर नागरिक समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, सचिव सुरेश तनवानी, विनीत अरोरा, राधेश्याम साहू, रामगोपाल गुप्ता, हेमंत राय, रामबाबू दुबे उपस्थित थे।

# नीट परीक्षा में चयन पर दी बधाई




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

महिला जैन मिलन त्रिमूर्ति की वीरांगनाओं द्वारा निशा मनीष जैन के पुत्र अगम्य जैन द्वारा नीट 2025 की परीक्षा में 99.2% से क्वालीफाई कर नाम रोशन करने पर फूल, मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर अगम्य और उनके माता-पिता को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष मोना जैन, मंत्री अंशुल जैन सहित महिला जैन मिलन त्रिमूर्ति की अनेक वीरांगनाऐं मौजूद थीं।

## रक्तदान शिविर में 71 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

# एसबीआई कर्मचारियों सहित युवाओं ने किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गत दिवस भारतीय स्टेट बैंक की रेलवे स्टेशन रोड स्थित शाखा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्टेट बैंक की रेलवे स्टेशन शाखा, बरेठ रोड शाखा और तिरंगा चौक स्थित शाखा के कर्मचारियों सहित अन्य युवाओं ने 71 यूनिट रक्तदान किया। इस रक्तदान कार्यक्रम का जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक भगवान सिंह बघेल ने भी जायजा लिया और रक्तदान करने वाले बैंक स्टाफ का उत्साहवर्धन किया। भारतीय स्टेट बैंक प्रबंधन के अनुसार बैंक द्वारा सामाजिक सरोकार की भावना को बढाने के लिए तरह तरह के समाजसेवा के कार्य किए जाते रहते हैं। इसी के तहत शुक्रवार को बैंक प्रबंधन ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। होटल पुखराज में आयोजित रक्तदान शिविर विदिशा से आए ब्लड बैंक लैब टेक्नीशियन संतोष शुक्ला, अंशुल दांगी, ब्रजेश दांगी, चंद्रप्रताप सिंह आदि ने रक्तदाताओं से सुरक्षित तरीके रक्तदान कराते हुए ब्लड को संग्रहित कर ब्लड बैंक विदिशा पहुंचाया। दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक चले रक्तदान शिविर में 71 यूनिट रक्तदान किया गया। इस दौरान स्टेट बैंक के स्टाफ सदस्यों में स्टेशन शाखा प्रबंधक आशुतोष सोनी, बरेठ रोड शाखा प्रबंधक मुमताज जी, तिरंगा चौक शाखा प्रबंधक रीता मेडम, उप प्रबंधक रविन्द्र निन्नोरे, पवन वर्मा, अंकुर जैन, सहायक प्रबंधक सुमित कुमार, अंकुश माहोर के अलावा अभिलाषा पिकलिया, भूमि सिंह, संतोष सिंह बुंदेला, पवन, प्रदीप आदि ने रक्तदान किया। इसके अलावा दर्जनों की संख्या में बैंक से संबंधित जागरूक नागरिकों, युवाओं एवं आसपास के रहवासियों और दुकानदारों ने भी बढ चढकर रक्तदान करते हुए 71 यूनिट रक्त उपलब्ध कराया। इस पूरे रक्तदान शिविर का जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक भगवान सिंह बघेल ने भी जायजा लिया और रक्तदान करने वाले बैंक कर्मियों एवं नागरिकों का उत्साहवर्धन किया। बैंक प्रबंधन ने कहा कि रक्तदान महादान होता है और समय पर रक्त मिलने से मरीज की जान बचाई जा सकती है।

### हल्की बारिश हुई

**गंजबासौदा।** शनिवार को दूसरे दिन भी नगर में हल्की बारिश हुई। जिससे तापमान में तो गिरावट आई है लेकिन लोगों को जिस प्रकार तेज बारिश का इंतजार है वैसी बारिश अभी तक नहीं हुई है। नागरिक तेज बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

### श्मशान में टीनशेड न होने से ग्रामीण परेशान



**गंज बासौदा।** ग्राम पड़रिया में स्थित श्मशानघाट में पिछले 1 साल से तीनशेड नहीं है। जिससे ग्रामीणों को अंतिम संस्कार खुले में करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि श्मशानघाट में टीनशेड न होंने से सर्दी, गर्मी और बारिश के मौसम में खुले आसमान के नीचे अंतिम संस्कार करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने सरपंच से मांग है कि शीघ्र टीनशेड का निर्माण कराया जाए।

# पूर्व सांसद का पौधे भेंटकर मनाया जन्मदिवस




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शनिवार को पूर्व सांसद नकुल नाथ के जन्मदिवस के अवसर पर कमलनाथ ब्रिगेड द्वारा नगर में जनसेवा एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष अमित मेहता ने बताया कि शीतला माता मंदिर में माता रानी को चुनरी अर्पित कर पूजा-अर्चना की गई, जय स्तंभ परिसर में मजदूर भाइयों को फलों का वितरण किया गया। शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय में मरीजों को फल वितरित किये गए। पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क 101 पौधों का वितरण किया गया। जिनमें आम, अमरूद, आँवला, अचार, पीपल, जामुन आदि के पौधे शामिल हैं। पौधरोपण कार्यक्रम के तहत शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय परिसर में पौधे रोपित किये गए।

जिसमें महाविद्यालय के छात्र व प्राध्यापक शामिल हुए। वहीं यातायात निरीक्षक एवं स्टॉफ को पौधे वितरित कर पौधे संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। स्कूल के बच्चों को आइसक्रीम का वितरण किया गया। साथ ही जरूरतमंद एवं निराश्रित लोगों को भोजन वितरित किया गया। इस अवसर पर सुनील बाबू पिंगले, विष्णु प्रसाद शर्मा, नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, हरीश भावसार, रवि यादव, नफीस अहमद, विकास सेन, लालाराम चंदेल, देवेंद्र सोनी, उमेश सोनी, प्रदीप चौकसे, सचिन दांगी, बृजेश प्रजापति, बलवीर मालवीय, मनोज जैन सहित बड़ी संख्या में ब्रिगेड के कार्यकर्ता उपस्थिति थे।

## खबर संक्षेप

### SATI में लैटरल एंट्री से डिप्लोमा में प्रवेश प्रारंभ

**विदिशा।** एसएटीआई पॉलिटेक्निक कॉलेज में 12वीं (पीसीएम) एवं आईटीआई पास विद्यार्थियों के लिए डिप्लोमा पाठ्यक्रम में लैटरल एंट्री के माध्यम से सीधे द्वितीय वर्ष में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पंजीयन की अंतिम तिथि 30 जून है, जबकि चॉइस फिलिंग 20 जून से 4 जुलाई तक की जाएगी।

### आंगनबाड़ी पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन करें

**विदिशा।** जिले की 57 आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ता और सहायिका के रिक्त पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। पात्रता अनुसार केवल उसी ग्राम या वार्ड की महिलाएं आवेदन कर सकती हैं। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण तथा आयु 18 से 35 वर्ष (1 जनवरी 2025 की स्थिति में) निर्धारित है। आवेदन https:// chayan. mponline.gov.in पोर्टल के माध्यम से विज्ञप्ति की तिथि से दस दिवस में करना होगा।

### गौशाला को मुख्यमंत्री से सांत्वना पुरस्कार मिला

**विदिशा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दयोदय विद्यासागर गौसंवर्धन केन्द्र गौशाला उदयगिरि को आचार्य विद्यासागर जीवदया (गौसेवा) पुरस्कार के अंतर्गत 50 हजार रुपए की राशि से सम्मानित किया। पशुपालन विभाग के डॉ. एनके शुक्ला ने बताया कि गौशाला ने मूल्यांकन में 100 में से 89 अंक प्राप्त किए। विदिशा से 425 गौपालक, संचालक व अधिकारी इस सम्मेलन में शामिल हुए।

### खेल शिक्षक अभ्यर्थियों ने कहा: रिजल्ट घोषित हों

**विदिशा।** बेरोजगार खेल डिग्रीधारियों ने पुलिस लाइन परिसर में आयोजित योग कार्यक्रम के दौरान अभ्यर्थियों ने प्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश में वर्षों से खेल शिक्षकों की उपेक्षा हो रही है। 19 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद इस वर्ष अप्रैल माह में खेल शिक्षक चयन परीक्षा आयोजित हुई, लेकिन परिणाम घोषित नहीं किए गए हैं।

### योग दिवस पर मंत्री सारंग ने दिया संदेश, योग से विश्व को मिला नया जीवन दृष्टिकोण

# योग दिवस पर जिलेभर में हुए कार्यक्रम छात्रों ने ताड़ासन, वृक्षासन और भुजंगासन सीखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्यालय समेत जनपद, ग्राम पंचायतों और पर्यटन स्थलों पर सामूहिक योग किया गया। मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में सहकारिता एवं खेल युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, विधायक मुकेश टंडन सहित जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशाखापत्तनम और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के भोपाल से दिए गए संदेशों का लाइव प्रसारण हुआ। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि योग ने दुनिया को जीवन जीने की नई दिशा दी है और यह प्रधानमंत्री के प्रयासों का परिणाम है कि आज पूरा विश्व योग को अपना चुका है। उन्होंने योग को शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा का समन्वय बताते हुए युवाओं से इसे जीवन में अपनाने का आह्वान किया। विधायक टंडन ने योग करें, निरोग रहें का संदेश दिया कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, स्कूली बच्चों, खिलाड़ी शामिल हुए।



**विदिशा।** कार्यक्रम के दौरान योगाभ्यास करते हुए कलेक्टर अंशुल कुमार गुप्ता और एसपी रोहित काशवानी।

### योगासनों, प्राणायाम व ध्यान की विधियों का अभ्यास करवाया गया

**ग्यारसपुर।** शासकीय सांदीपनी विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 6 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संबोधन के प्रसारण से हुई। योग सत्र का संचालन योगाचार्य नीलेश सेन ने किया। जिन्होंने विभिन्न योगासनों, प्राणायाम व ध्यान की विधियों का अभ्यास करवाया। छात्र-छात्राओं ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन व सूर्य नमस्कार को मनोयोग से सीखा। कार्यक्रम में प्रताप सिंह रघुवंशी ने योग के लाभों पर प्रकाश डालते हुए इसे शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन का माध्यम बताया। आयोजन में मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर, महामंत्री शिवराज रघुवंशी, जनपद सीईओ जितेंद्र जैन, विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेएस मिंज, प्राचार्य ज्योति प्रकाश नेमा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने सभी को स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित किया।



### जैन कॉलेज में योग दिवस पर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया

**विदिशा।** एसएसएल जैन पीजी महाविद्यालय में एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य थीम पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. जयश्री बोराना, स्टाफ सदस्य, रा.से.यो. अधिकारी अंकित शर्मा एवं स्वयंसेवकों ने भाग लिया। सूर्य नमस्कार से शुरुआत कर अनुलोम-विलोम, ताड़ासन, मंडूकासन सहित विविध योगाभ्यास किए गए। डॉ. बोराना ने कहा कि योग न केवल रोगों से मुक्ति देता है, बल्कि हमें प्रकृति से जुड़ने और पृथ्वी के संरक्षण की प्रेरणा भी देता है। उन्होंने योग को तन-मन और पर्यावरण के सामूहिक स्वास्थ्य की कुंजी बताया। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र और देशभक्ति के गीतों के साथ हुआ। भावना साहू, सत्येंद्र प्रधान, प्रीतिबाला जैन, अमृता सेन समेत कई सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा। स्वयंसेवकों ने नियमित योग का संकल्प लिया। यह आयोजन स्वास्थ्य, आत्मिक ऊर्जा और एकता का प्रतीक बना।



**विदिशा।** कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं के साथ योगाभ्यास करते हुए मंत्री विश्वास सारंग।



**विदिशा।** कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्कूलों के सैकड़ों की संख्या में छात्र मौजूद रहे।

### एक साथ किया प्राणायाम, सूर्य नमस्कार

**शमशाबाद।** नवोदय विद्यालय में 21 जून को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की थीम रही एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य। आयोजन का नेतृत्व प्राचार्य जितेन्द्र कुमार मिश्रा और उप प्राचार्य विनोद कुमार तिवारी ने किया। प्राचार्य मिश्रा ने बताया कि योग दिवस का उद्देश्य शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। साथ ही योग के अभ्यास से वैश्विक समरसता और शांति को प्रोत्साहन देना भी इसका मकसद है। कार्यक्रम में प्राणायाम, सूर्य नमस्कार और विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय शिक्षक, छात्र-छात्राएं भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल शमशाबाद में योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास हुआ। एसडीएम अजय प्रताप सिंह की उपस्थिति में सभी को योग कराया गया। एस डी एम अजय प्रताप सिंह ने कहा कि योग से हम जीवन को निरोगी बन सकते हैं,योग प्रतिदिन करें जिससे स्वस्थ शरीर रहे।



### लटेरी जेल में हुआ योग और ध्यान कराया

**लटेरी।** शनिवार को लटेरी जेल में 11 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग और ध्यान का कार्यक्रम हार्टफुलनेस संस्था द्वारा आयोजन किया गया। जिसमें जेल स्टाफ के साथ तहसील विधिक सेवा समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे। योगदिवस के मौके पर शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योगाभ्यास कराया। जिससे शरीर हमारा स्वस्थ और तंदुरुस्त बना रहे हम निरोगी बने रहे शरीर के योग के साथ मस्तिष्क का योग भी कराया और अंत में मन का योग ध्यान का अनुभव कराया। जिससे हम तनाव मुक्त प्रसन्नचित बने रहें। हार्टफुलनेस संस्था ने कहा कि अगर जेल प्रशासन की अनुमति होगी तो योग और ध्यान का आयोजन सप्ताह में एक बार नियमित रूप से किया जाएगा। जिससे सभी निरोगी और स्वस्थ रहें। जेलर रमेश कुमार मरावी ने योग के विषय में कहा की योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और प्रतिदिन थोड़ा समय खुद को देकर योग और ध्यान अवश्य करें।



### योग दिवस पर हुआ सामूहिक योगाभ्यास

पतांजल योगावर्त योगाश्रम एवं लोधेश्वर फाउंडेशन वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। स्वामी शंतानंद ने शंखनाद से कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा दीप प्रज्वलन अतिथियों द्वारा किया गया। स्वामी डॉ. दीक्षानंद सरस्वती ने युवाओं को संयमित व संस्कारित जीवन के लिए योग को आवश्यक बताया। योगाभ्यास का निर्देशन भी उन्होंने किया। लायन अतुल शाह, राजेश डागा व शिक्षिका सुमन चौहान ने अपने अनुभव साझा किए। पहलवान सुरेंद्र यादव, मनीष शर्मा व नमन जैन ने नेति क्रियाओं का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र लोधी व आभार धर्मेश ने जताया।

### बच्चों को योग कराकर मनाया योग दिवस



स्थानीय सेंटमेरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में योग दिवस के उपलक्ष्य पर सभी क्लास के बच्चों को योग कराया गया इस अवसर पर फादर सीजे ने सभी बच्चों को योग के महत्व के बारे में बताया और कहा कि योग को हमें अपने जीवन में आत्मसात कर लेना चाहिए योग करें और निरोगी बने उन्होंने कहा कि अपने चित्त को एकाग्रचित करने के लिए सभी को योग करना चाहिए यह कार्यक्रम सभी विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

### ग्रीष्मकालीन मूंग कटाई के लिए मिला भरपूर अवसर

# आसमान में छाये बादल, तेज हवाओं के साथ बारिश की बनी संभावना



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

शुक्रवार की सुबह नगर एवं क्षेत्र में घंटो कभी तेज कभी रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा। बारिश के असर से तापमान में गिरावट आने के साथ भीषण गर्मी उमस से लोगो को राहत मिल गई। परंतु आषाढ और जून का आधा महिना बीत जाने पर भी जैसी जोरदार बारिश होना चाहिए, उसकी कमी बनी हुई है। पिछले 2 दिनों से आसमान में घने बादलों का डेरा तो बना हुआ है, परंतु बारिश नहीं हो रही है। धान की खेती करने वाले किसान बेसब्री से जोरदार बारिश का इंतजार कर रहे है। मूंग कटाई का मिला भरपूर मौका - सिर्फ एक दिन शुक्रवार छोड कर बारिश न होने से मूंग की खेती करने वाले क्षेत्र के हजारों किसानो को मूंग की कटाई का भरपूर अवसर मिला, शनिवार को बारिश न होने से जिन किसानों की मूंग फसल रह गई थी कटाई शुरू कर दी गई।

#### बारिश की संभावना

आसमान में घने वर्षा वाले बादलों का डेरा बना हुआ है। दिन भर तेज हवाओं का जोर बना रहा। जिस प्रकार मौसम ने करवट ली है। उससे संपूर्ण क्षेत्र में मानसून की जोरदार बारिश होने की संभावना है। धान की खेती करने वाले क्षेत्र के हजारों किसान आषाढ़ माह में जोरदार बारिश होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे है।

# नर्मदा मैया सेवा आश्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में राज्यमंत्री पटेल ने मनाया जन्मदिन

## सेवाभावी संस्था टीम पहल को 65 हजार का दिया चेक

### दिव्यांग बच्चों को दी एलसीडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने नर्मदा मैया के किनारे पटेल परिवार द्वारा संचालित नर्मदा मैया सेवा आश्रम में हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं ग्रामीणो की उपस्थिति में जन्मदिन मनाया गया। जन्मदिवस के अवसर पर क्षेत्र के पुजारियों का सम्मान कर आर्शीवाद लिया। इस अवसर पर नगर की सेवा भावी संस्था टीम पहल को 65 हजार रू. की राशि का चैक प्रदान किया। जन्मदिन की बधाई देने आए विश्वास विशेष सेवा संस्थान के दिव्यांग बच्चों को एलसीडी प्रदान की।



**बधाई शुभकामनाएं देने रही भीड़** : राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल जैसे ही नर्मदा मैया सेवा आश्रम पहुंचे पहले से उपस्थित विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों, नगरों से आए भाजपा के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, जिले के विभिन्न स्थानों से आए कार्यकर्ताओं द्वारा पटेल को उपहार भेंट कर जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी गई। नर्मदा मैया सेवा आश्रम में दिन भर राज्यमंत्री पटेल को जन्मदिन की बधाईयां देने एवं भोजन प्रसादी ग्रहण करने का सिलसिला चलता रहा। जन्मदिन कार्यक्रम में पटेल परिवार के सभी सदस्यों के साथ भाजपा के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, नपं. अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, सभी 5 भाजपा मंडलो के अध्यक्षों पदाधिकारियों के साथ विभिन्न ग्रापं. के सरंपचो, जनपद सदस्यो, मार्केटिंग सोसायटी के प्रबंधक प्रकाश श्रीवास्तव, कृषक सेवा सहकारी संस्थाओं के प्रबंधको, प्रशासको के साथ विभिन्न सरकारी विभागो के अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### आज से जैन मुनि सुब्रतनाथ मंदिर प्रांगण में

**बरेली।** चैनपुरा रोड पर श्री 1008 मुनि सुब्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में 7 दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन प्रारंभ होगा। नव निर्मित जैन मंदिर में प्रतिमा स्थापना पर पंच कल्याणक महोत्सव जैन मुनि अक्षय सागर महाराज, ऐलक उपसम सागर महाराज के सानिध्य में प्रतिदिन सुबह से धार्मिक कार्यक्रमों के साथ प्रवचन का विशेष आयोजन होगा।




### जिस के सिर पर भगवान का हाथ और भगवान साथ हो वास्तव में उसे कभी कुछ नहीं हो सकता: डॉ सुधीर जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



धर्म की प्रभावना ऐसी होती है आप धर्म के लिए थोडा सा करो। वही धर्म आपको ऐसे संकटो से बचाएगा कि आपको पता भी नही चलेगा। यह बात वरिष्ठ समाजसेवी चिकित्सक मुनि श्री सुधा सागर महाराज के परम भक्त डॉ सुधीर जैन ने कही। मामला बी.जे. मेडिकल कॉलेज, अहमदाबाद की उस मेस का है जहां विमान दुर्घटना में कुछ रेजिडेंट डॉक्टर्स की मौत हो गई। पिछले कुछ दिनों से इस मेस में जैन भोजन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, कारण जो भी हो इस वजह से कुछ जैन छात्र मेस में खाना खाने नहीं गए और वे विमान दुर्घटना के दौरान मेस में मौजूद नहीं थे और भगवान का शुक्र है कि उन्हें कुछ नहीं हुआ। कभी-कभी आचरण का एक छोटा सा विचार हमारे जीवन को बचा लेता है आज से इनमें से कुछ छात्रों ने जीवन भर कंदमूल नहीं खाने का व्रत ले लिया है।

### ओखलीखेड़ा-कुंडलपुर मार्ग पर होगा डामरीकरण

**विदिशा।** लटेरी विकासखंड की ग्राम पंचायत मोतीपुर अंतर्गत ग्राम कुण्डलपुर को अब शीघ्र ही डामरीकृत सड़क से जोड़ने की दिशा में कदम बढ़ाए गए हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेस-4 के अंतर्गत ओखलीखेड़ा से कुंडलपुर तक 2.57 किमी डामरीकृत सड़क निर्माण हेतु चयन किया गया है। पूर्व में 2018 में स्वीकृत ग्रेवल मार्ग निजी भूमि विवाद के कारण केवल 2 किमी तक ही बन पाया था, जिससे गांव सम्पर्क मार्ग से वंचित रह गया था। अब ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण इकाई-विदिशा द्वारा नया प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है, स्वीकृति उपरांत कार्य प्रारंभ होगा। महाप्रबंधक एसपी आर्य ने बताया कि फिलहाल ग्राम पंचायत द्वारा मुरूम डालकर वैकल्पिक मोटरेबल मार्ग बनाया जा रहा है।

### मंत्री पटेल ने सिंध-सगड़ नदी के उद्गम पर जल संरक्षण की दी प्रेरणा

**विदिशा।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने लटेरी तहसील के गोपीतलई में सिंध एवं सगड़ नदी के उद्गम स्थल पर पूजन अर्चना कर जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने पंचामृत अर्पित कर जल संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर तीन माह तक जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है, जो जल स्रोतों के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# सूजा मालोद में आयोजित धरती आबा कार्यक्रम में आदिवासियों के बीच पहुंचे जिपं अध्यक्ष रघुवंशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कुरवाई विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सत्ताखेड़ी जाजौन के अंतर्गत ग्राम सूजा मालोद में धरती आबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक गरीब और आदिवासी परिवार का जीवनस्तर ऊँचा उठाया जाए। इसी संकल्प को साकार करने के लिए धरती आबा जैसे शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधि ने लोगों को आश्वस्त किया कि यदि शिविर के बाद भी किसी को कोई समस्या रहती है, तो वे सीधे उन्हें फोन कर सकते हैं या फिर बुधवार को जिला पंचायत कार्यालय में अपने समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर समस्या का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में भारी जनसमूह की उपस्थिति और उत्साह देखने को मिला, जिससे स्पष्ट होता है कि सरकार की योजनाएं जमीनी स्तर तक प्रभावी रूप से पहुँच रही हैं।



BETWANCHAL GROUP OF INSTITUTIONS
BETWANCHAL GROUP OF INSTITUTIONS BGI VIDISHA
Approved by : AICTE & PCI
Affiliated by : RGPV & Barkatullah University
ADMISSION OPEN
MBA (HR.Marketing, Finance) Duration-2 year Affilizindia: AICTE & Barkatullah University
BBA Duration-3 year affillzindia : barkatullah University
BA Duration-3 year Amliated to: barkatullah University
BSC Ouration 3 year Affillated to: barkatullah University
B.COM Duration-3 year Amliated to: barkatullah University
ITI Fitter Copa Affillated to NCVT
B. Pharma Duration-4 year (Approved By : PCI) Amlited to: RGPV
D. Pharma Duration-2 year (Approved By : PCI) Amlited to: RGPV
Add : NH-146, Village Madipur, Block Gulabganj, Distt. Vidisha City Add : NH-86, Vaishali Viharm Sagar Road, Vidisha
Mob.: 07592-447549, 9755550416

विदिशा जिले का एक मात्र संस्थान जिसमें है।
मध्यभारत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट
BA-LLB (Hons) 5 Years Integrated Course (After 12th)
LLB 3 Years Course (After Graduation)
D.Pharma 2 Years Course (After 12th Math, Bio)
प्रवेश प्रारंभ अधिवक्ता एवं जज बनने का सपना साकार करें।
कॉर्पोरेट ऑफिस : जवाहर लाल नेहरू कॉलेज, रामद्वारा, विदिशा (म.प्र.)
9827011587, 9827796812, 07592-470255, 471025
संचालक मज़हर अली जाफरी

iti.kbtgroup.in
K.B.T. PRIVATE ITI
Institute Code - PR23000909
Kusha Bhau Thakre Pvt. ITI Vidisha M.P.
NCVT नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त
NH-146,Village Suakhedi Near Atarikhejda. Vidisha (M.P.)
ELECTRICIAN 2 Years 10th & 12th Pass (Math/Science)
HEALTH SANITARY INSPECTOR 1 Year-10th Pass
City Office : Cist College Near Water Tank, Arihant Vihar, Vidisha (M.P.)
07592-403481,796042,9893708149

# विश्व योग दिवस पर जिले भर में योगाभ्यास कार्यक्रमों में लोगों ने दिखाई रुचि



रायसेन। विश्व धरोहर सांची स्थित स्तूप परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग एक हजार लोगों ने योगाभ्यास के गुर सीखे तथा प्रतिदिन योग करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, जिपं अध्यक्ष यशवंत मीणा, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, नप अध्यक्ष पप्पू रेवाराम, पीआरओ अनुभा सिंह सहित कई गणमान्य लोग एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रतिदिन करें योग रहें निरोग : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार को डाइट भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संदेश का वाचन हुआ। कार्यक्रम में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा, एसपी पंकज कुमार पांडे ,नपाध्यक्ष सविता जमना सेन, पीआरओ अनुभा सिंह सहित डाइट के विद्यार्थियों समेत अनेक स्कूलों के छात्र छात्राएं शामिल हुए। इस साल 11 वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर शासन ने एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य की थीम पर सामूहिक योग कराया गया।योगाचार्य एवं योग टीचर मनोहर सिंह राजपूत द्वारा योग के विभिन्न आसनों से अवगत कराते हुए सामूहिक योग कराया। कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा द्वारा योग में हिस्सा लेने वाले लोगों को दिनचर्या में प्रतिदिन सुबह योग अपनाने का संकल्प भी दिलाया। उन्होंने कहा कि रोजाना योग करें और निरोग रहें। योग करने से शरीर तो स्वस्थ्य रहता ही है। बल्कि मन बुद्धि भी तेज होती है।

## योग स्वास्थ्य एवं दीर्घायु के लिए अति उत्तम : पटेल



**रायसेन।** ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग पर रायसेन जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भीमबैठका में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल तथा भोजपुर विधायक शसुरेन्द्र पटवा के मुख्य आतिथ्य में सामूहिक योग कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वास्थ्य राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि योग को नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाना जरूरी है। यह हमारे स्वास्थ्य और दीर्घ जीवन के लिए अति उत्तम है। मन, मस्तिष्क और शरीर तीनों को स्वस्थ रखने में योग अद्वितीय है। भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा ने कहा कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिये योग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## भिवाड़ी में योगाभ्यास कार्यक्रम संपन्न



**बाड़ी।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय उमा भिवाड़ी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योगाचार्य अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा विद्यार्थियों एवं स्टाफ को योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ताड़ासन, वज्रासन, भुजंगासन, त्रिकोणासन, अर्धचक्रासन, अनुलोम-विलोम एवं भ्रामरी प्राणायाम जैसे अनेक योगासनों का अभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर अजय शर्मा, शिवाजी तोमर, नरेंद्र सिंह तोमर, शाहिद खान आदि शामिल रहे।

## योग से हमारी संस्कृति की पहचान



**दीवानगंज।** दीवानगंज सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों के माध्यमिक, हाई स्कूल और हाई सेकेंडरी स्कूल में योग का कार्यक्रम हुए, जिसमें छात्र- छात्राएं सहित शिक्षकों ने योगा किया। योग हमारी संस्कृति और जड़ों से जुड़ा हुआ है। इसलिए स्वस्थ और खुशहाल बनने के लिए योग काफी असरदार होता है। भारत के साथ पूरी दुनिया योग की ताकत को मानती है और इसलिए हर साल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा, बेरखेड़ी चौराहे, बालमपुर, कचनारिया सहित अन्य विद्यालयों में योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान स्कूल मैं उपस्थित शिक्षक और छात्र-छात्राओं के द्वारा योगाभ्यास कराया गया। योग तनाव से राहत पाने के लिए योग सबसे अच्छे समाधानों में से एक है। योग ना सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहने का एक बेहद ही आसान तरीका है।

## मन विचलित होने पर योग का सहारा लें



**सिलवानी।** विधिक सेवा समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर न्यायालय परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में अध्यक्ष विधिक सेवा समिति सुनीता पचौरिया ने बताया कि योग मन को शांत करता है, जब भी आपका मन विचलित हो योग का सहारा लें। नियमित योग करने से शरीर पुष्ट होता है और बीमारियां खत्म होती है।

**योग संगम का आयोजन :** नगर के सेठ अमरचंद्र समैया सांदीपनि विद्यालय में योग संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने वक्तव्य में कहा कि योग के फायदे शरीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर तो नजर आते ही हैं, साथ ही यह आध्यात्मिक तौर पर भी फायदे देता है।योग केवल व्यायाम नहीं यह भारतीय चिंतन की एक जीवंत परंपरा है। कार्यक्रम में भाजपा मण्डल अध्यक्ष श्याम साहू, संजय मस्ताना, मुकेश राय, विभोर जैन, मिलन जैन, पार्षद प्रदीप कुशवाहा, संजीव जैन जेके, पुनीत समैया,अजमेर यादव, अखिलेश बजाज,योग प्रशिक्षक रामगोपाल साहू आदि मौजूद रहे।

## शिक्षकों के साथ छात्र-छात्राओं ने किया योग



**बरेली।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर का सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित हुआ। योग कार्यक्रम में सभी स्कूलों के छात्र, छात्राओं, अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम नपं. अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में नपं. उपा. नेपाल सिंह राजपूत, एसडीएम संतोष मुदगल, तहसीलदार रामजी लाल वर्मा, मंडी सचिन श्रीमती रितु गढवाल, विधायक प्रतिनिधी राजेश साहू, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष जेपी ठाकुर, बीएमओ डॉ. हेमन्त यादव, कन्याशाला के प्राचार्य यूएस अहिरवार, बालक हा.से. के प्राचार्य केके बानी की विशेष उपस्थित रहे। इस अवसर पर हेमन्त चौधरी, नेपाल सिंह राजपूत, एसडीएम संतोष मुदगल ने योग प्राणायाम से शरीर को होने वाले लाभ की चर्चा की। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक राजेश गोहले, शेखर सोनी, नागेन्द्र सिंह ने सभी उपस्थितों को सामूहिक योगाभ्यास कराया गया।

## सांची विश्वविद्यालय में सीखे योग के गुर




**सांची।** साँची विश्वविद्यालय ने एक साथ, एक स्वर, एक ध्यान, एक आसन कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस अवसर पर आयुर्वेद विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर उपेंद्र बाबू खत्री के साथ योग विभाग के छात्रों ने सभी को शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक स्तर पर आसन कराए।

### खबर संक्षेप

## विजय जैन बने जिला मीडिया प्रभारी



**सिलवानी।** वैश्य महा सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल की सहमति से जिलाध्यक्ष संजू बनारसी ने नगर के वरिष्ठ पत्रकार विजय जैन को संगठन का जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त करते हुए नियुक्ति पत्र प्रदान किया। जैन के जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किए जाने पर नगर के पत्रकारों, जन प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों आदि ने शुभ कामना दी व वैश्य महा सम्मेलन के प्रदेश व जिलाध्यक्ष का आभार माना।

## कर्मचारी संघ का अधिवेशन आज

**रायसेन।** मप्र राज्य कर्मचारी संघ जिला शाखा रायसेन का जिला अधिवेशन आज डाइट मीटिंग हाल में आयोजित होगा, जिसमे मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी का निर्वाचन सम्पन्न होगा। संगठन के जिला संयोजक मानसिंह लोधी द्वारा बताया कि निर्वाचन अधिकारी अनिल भार्गव एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी रज्जू रैकवार के द्वारा सम्पन्न किया जाएगा। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला रायसेन की समस्त ब्लॉक एवं तहसील इकाइयों के पदाधिकारी निर्वाचन प्रक्रिया में सम्मिलित होंगे। अधिवेशन में संघ के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव, प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र सिंह प्रदेश मंत्री हेमन्त सराठे, संभागीय अध्यक्ष परसराम दुबे सहित कई प्रदेश पदाधिकारी, संभाग पदाधिकारी जिला, तहसील एवं ब्लॉक इकाइयों के पदाधिकारी बंधु उपस्थित रहेंगे। अधिवेशन प्रातः 10बजे से प्रारम्भ होगा शाम 5बजे समापन होगा। जिला संयोजक मानसिंह लोधी, सहसंयोजक शरद द्विवेदी, जगदीश शाक्य, शैलेन्द्र यज्ञिक, ब्रजेश कुमार ठाकुर, हरिप्रसाद सोनी ने राज्य कर्मचारी संघ के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बंधुओं एवं बहनों से अधिवेशन में शामिल होने की अपील की है।

## साल भर चलता है मेंटिनेंस, बावजूद हो रही अघोषित कटौती

# तैयारी अधूरी... मानसून पूर्व ही लड़खड़ाई शहर की बिजली व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मध्यप्रदेश देश के कई राज्यों में बिजली देकर भले ही खुद की पीठ थपथपा रहा हो, लेकिन मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र बिजली कंपनी रायसेन मानसून पूर्व बिजली मेंटेन्स के मामले में एक बार फिर से पिछड़ता नजर आ रहा है। मेंटिनेंस के नाम पर कई घंटों बिजली काटकर लोगों को सता रहे हैं। अधूरी तैयारी के चलते शहर में जरा सी हवा के झोंके एवं बारिश शुरू होते ही बिजली का गुल होना आम बात हो गई है। अब तो थोड़ी सी आंधी चलते ही लोग बिजली जाने की तैयारी पहले से कर लेते हैं। लाइट की यही लंबी कटौती बिजली उपभोक्ताओं और व्यापारियों पर भारी पड़ रही है। इस मामले में रायसेन पर चिराग तले अंधेरे.... वाली कहावत सच साबित हो रही है।

नागरिकों ने बताया कि इस रायसेन जिले का दुर्भाग्य कहें या फिर मंत्री विधायकों और सांसदों की अनदेखी या फिर लापरवाही। लोगों का कहना है कि जरा सी हवा चलते ही बिजली कंपनी के अधिकारी घंटों बिजली को गोल कर देते हैं। यह बिजली कटौती इस दौरान काफी तकलीफ देह और भारी पड़ती है। आखिर ऐसे हालात कब तक सुधरेंगे यह यक्ष प्रश्न लोगों के जहन में है। यह सवाल जस का तस बना हुआ है। हालांकि पिछले सालों में बिजली की व्यवस्था में काफी सुधार हुआ था, लेकिन इस साल तो बिजली कटौती ने तो सारी हदें पार कर दी हैं। पिछले कई महीनों से बिजली व्यवस्था काफी परेशान कर रही है। लोगों की शिकवा शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार गंभीरता से ध्यान नहीं देते। कहीं तार टूटने तो कहीं फाल्ट होने का बहाना बनाकर घण्टों बिजली गुल करना उनकी आदत में शुमार हो चुका है, जिससे लोगों में रोष व्याप्त है।

**लाइट कटौती बनीं असहनीय :** गर्मी एवं उमस के दौरान लाइट की घंटों कटौती उपभोक्ताओं के लिए असहनीय साबित होती है । क्योंकि कंपनी के लाइनमैन एक बार लाइट बंद करते हैं तो सप्लाई करने में घंटों लगा देते हैं। जागरूक उपभोक्ताओं का कहना है कि जब हम हर महीने बिजली का बिल पूरा अदा करते हैं तो फिर लाइट कटौती में आखिर क्यों भेदभाव और लापरवाही बरती जाती है। उनका यह भी कहना है कि बिजली कंपनी वर्ष में कई बार पेड़ों की डालियों की छंटनी तो कभी मेंटिनेंस के नाम पर कटौती करती है, परंतु उनका मेंटिनेंस कभी पूरा नहीं हो पाता। जरा सी हवा का झोका पूरे मेंटिनेंस को खत्म कर देता है।



### बिजली फॉल्ट का राग काफी पुराना है

*शहरवासियों ने मप्र मध्य क्षेत्र बिजली कंपनी के अधिकारियों एवं लाइनमैनों पर उदासीन रवैये के आरोप भी लगाए हैं। लोगों का यह भी कहना है कि आखिर बिजली विभाग की यह कैसी मनमानी व्यवस्था है। बिना आंधी हवा और फॉल्ट से अचानक घण्टों बिजली सप्लाई बंद कर दी जाती है। प्री मानसून की थोड़ी सी बारिश हवा आंधी फॉल्ट की वजह से शहर में 36 घण्टे ब्लैक आउट की स्थिति बन चुकी है। जिम्मेदार पूछने पर हमेशा की तरह फाल्ट होना बता दिया जाता है यह पुराना राग उनकी जुबान पर रटा रटाया सा रहता है।*

**बिजली कंपनी के शिकायत रूम में नहीं उठाते फोन**

बिजली दफ्तर के शिकायत कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारी कभी फोन रिसीव नहीं करते। जबकि विभाग के बिजली कर्मियों को मोबाइल फोन लगाओ या फिर अपनी शिकायत दर्ज करानी हो तो उपभोक्ताओं को घंटों बेवजह परेशान होना पड़ता है। जबकि यह इमरजेंसी सेवा है । इसमें तो कर्मचारियों को तुरंत फोन रिसीव करके उपभोक्ताओं को माकूल जवाब देना चाहिए। इस कारण हमेशा विवाद की स्थिति बनी रहती है। आलम यह है कि हर साल बिजली कंपनी के अधिकारी लाइट की निर्बाध पूर्ति नहीं कर पाते। यह बात रायसेन तक सीमित नहीं होती, बल्कि भोपाल के टोल फ्री नंबर 2012 पर भी यही स्थिति बनती है। ऐसे में आम उपभोक्ता लगातार परेशान होते रहते हैं।

### उपभोक्ताओं का कहना है



कुछ दिनों से बिजली कटौती की समस्या बहुत अधिक बढ़ गई है, जिससे मासूम बच्चे बेहाल हो जाते हैं, लेकिन यह समझ नहीं आता कि बिजली विभाग साल भर क्या मेंटिनेंस करता है समझ से परे है।

*मनोज सोनी, गल्ला व्यापारी*



शहर में कुछ दिनों से बिजली की घंटों कटौती की समस्या बरकरार है। बिजली अफसरों को फोन लगाओ तो वही पुराना जवाब मिलता है कि फॉल्ट हो गया है सुधार कार्य चल रहा है। इससे हमको काफी परेशानी झेलना पड़ती है।

*मनीष बंटी माहेश्वरी, थोक किराना व्यापारी*



नगर में इन दिनों रात में घण्टों बेवजह लाइट काट दी जाती है। बिजली सप्लाई में भी लोगों के साथ सौतेला व्यवहार किया जाता है। यह कहां तक उचित है। रात में कंप्लेंट करने के बाद जल्दी सुधार की कोई गारंटी नहीं रहती।

*दीपक राठौर होटल संचालक*

### इनका कहना है

शहर में हवा आंधी के दौरान तारों केबिलों के फॉल्ट होने का खतरा बना रहता है, इसीलिए लाइट गुल करना हमारी मजबूरी बनती है। उपभोक्ताओं की समस्याओं और उनको बिजली आपूर्ति पर हमेशा अब ध्यान दिया जाता है।

*प्रांजल शर्मा, सिटी जेई रायसेन*

## गुंदरई में धरबी आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 15 जून से 30 जून तक रायसेन जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

इसी क्रम में शनिवार को सिलवानी जनपद पंचायत के ग्राम गुंदरई में शिविर आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

## सदस्यों का सम्मान

**सिलवानी।** सकारात्मक पत्रकारिता करने वाले प्रेस क्लब सिलवानी के सदस्यों का वैश्य महा सम्मेलन जिला समिति रायसेन के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मान किया गया। वैश्य महा सम्मेलन के जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष संजू बनारसी के द्वारा पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

चंद्र कुमार जैन व नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक की विशेष मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष संजू बनारसी के द्वारा प्रेस क्लब सिलवानी के संरक्षक गजेंद्र गुप्ता, विजय जैन, फैज खान, शिवम नामदेव, फईम मंसूरी के अतिरिक्त नगर के वरिष्ठ पत्रकार आर के जैनव देवेश पाण्डेय का तिलक कर, वैश्य महा सम्मेलन का प्रतीक दुपट्टा पहना कर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुनील जैन वैधराज, सुमित जैन सेठी, आशीष सिंधई, पप्पू नेमा, सुरेंद्र नेमा, कमलेश गुप्ता, राजकुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।



## एक महीने में तैयार हो जाएगी स्कूल की बिल्डिंग

# 42 करोड़ की लागत से बन रहा स्कूल भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



नगर में 41 करोड़ 63 लाख रुपए की लागत से सीएम राइज स्कूल भवन का निर्माण कार्य तीव्र गति से निर्माण एजेंसी भाषा एसोसिएटेट के द्वारा किया जा रहा है। भवन का निर्माण कार्य पूर्ण होकर स्कूल शिक्षा विभाग के सुपुर्द हो जाने से सीएम राइज स्कूल में पढ़ाई करने वाले छात्र छात्राओ को शिक्षा अध्ययन करने में ना केवल बेहतर माहौल उपलब्ध होगा बल्कि जगह व फर्नीचर की समस्या से भी निजात मिलेगी। इतना ही नही भवन सिलवानी के विकास में मील का पत्थर भी साबित होगा ।

नगर में संचालित हो रहे पीएम श्री विद्यालय से लग कर 4 एकड़ भूमि पर सीएम राइज स्कूल भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा हैं। निर्माण एजेंसी के द्वारा गुणवत्ता को ध्यान में रख कर निर्माण कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। ताकि जल्द से जल्द निर्माण पूर्ण कर भवन को सुपुर्दगी में दिया जा सके। तहसील मुख्यालय पर सीएम राइज स्कूल के भवन का निर्माण कार्य निर्माण एजेंसी के द्वारा किया जा रहा है।

सर्व सुविधा युक्त निर्माण कार्य को लेकर निर्माण एजेंसी के द्वारा दावा किया जा रहा है कि जूलाई माह में भवन निर्माण पूर्ण कर भवन को शिक्षा विभाग के हैंड ओवर कर दिए जाने का दावा निर्माण एजेंसी के कर्ताधर्ताओं के द्वारा किया जा रहा हैं। ताकि कक्षाओं का संचालन नव निर्मित भवन में हो सके। इस संबंध फील्ड इंजीनियर मयंक शर्मा ने बताया कि स्कूल भवन में टाईल्स लगाने के साथ ही, बिजली फिटिंग, दरवाजे, बिण्डो, फिनिशिंग का कार्य भी जारी हैं। जुलाई माह में भवन तैयार कर दिया जाएगा।